**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–06.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राश्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए ने नरेंद्र मोदी को चुना नेता, सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू।**
2. **इंडी गठबंधन के घटक दलों ने खुला रखा सरकार बनाने का विकल्प, कहा–सही समय पर उठाएंगे उचित कदम।**
3. **लोहरदगा में पुलिस अधीक्षक आवास के पास रांची निवासी एक पुलिसकर्मी ने एएसआई की गोली मारकर की हत्या।**
4. **झारखंड में अभी गर्मी से राहत नहीं, राजधानी और आसपास के जिलों में अगले तीन दिनों तक हीट वेव का अलर्ट।**

**और**

5. **भारत ने टी–20 विश्वकप के पहले मैच में आयरलैंड को आठ विकेट से हराया, पाकिस्तान से होगा अगला मैच।**

**********************

नई दिल्ली में कल शाम हुई एनडीए की बैठक में शामिल दलों ने नरेंद्र मोदी को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया है। बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीष कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल्द से जल्द सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया। माना जा रहा है कि आज एनडीए की संसदीय दल की बैठक में मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जाएगा और शनिवार या रविवार को मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों में एनडीए को बहुमत से अधिक दो सौ बयानबे सीटें मिली हैं।

**********************

लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद आगे की रणनीति बनाने के लिए कल नई दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम फिलहाल सरकार बनाने की कोशिश नहीं करेंगे। इसके लिए सही समय का इंतजार करते हुए उचित कदम उठाए जाएंगे। श्री खड़गे ने कहा कि जो भी दल संविधान में विश्वास रखते हैं, उनके लिए इंडी गठबंधन के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

**********************

गिरिडीह जिले में कल भाजपा की कोडरमा लोकसभा सीट की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी और आजसू के गिरिडीह प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी की जीत पर एनडीए कार्यकर्ताओ ने विजय जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान भाजपा कार्यकर्ता एनडीए को बहुमत मिलने की खुशी में एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दे रहे थे।

**********************

कल राज्यभर में विष्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान लोगों पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। गोड्डा जिले कई स्कूल और कॉलेजों में छात्रों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं जिले में कार्यरत निजी कंपनियों ने साल भर पौधे लगाने का अभियान शुरू किया है। गिरिडीह समाहरणालय परिसर में विभिन्न प्रजाति के दस पौधे लगाए गए। उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने लोगों से अपने घरों और कार्यालयों में पौधे लगाने का आग्रह किया। वहीं

साहिबगंज जिले में भारतीय स्टेट बैंक परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। वहीं लोगों को इस दिषा में जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली गई।

**********************

पाकुड़ जिले में पर्यावरण को संतुलित रखने के साथ–साथ जल संरक्षण की मुहिम तेज हो गयी है।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने कहा है कि जब्त वाहनों को थाने में खुले आसमान के नीचे तब तक रखने की जरूरत नहीं, जब तक कि जांच के लिए संबंधित वाहन की उपस्थिति जरूरी न हो। कल एक याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी ने यह टिप्पणी की। अदालत ने प्रार्थी और प्रतिवादी का पक्ष सुनने के बाद आदेश पारित किया और वाहन को सशर्त रिलीज करने का निर्देश दिया।

**********************

लोहरदगा जिले में कल देर रात पुलिस अधीक्षक आवास के नजदीक रांची निवासी जवान ने एक एएसआई को गोली मार दी। घटना में एएसआई धर्मेंद्र सिंह की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस टीम ने जवान को नियंत्रित करने का प्रयास किया पर देर रात तक इसमें सफलता नहीं मिली थी। आरोपी जवान अनंत सिंह मुंडा रांची के बुंडू का रहने वाला है जबकि मृतक एएसआई बिहार के पटना के रहने वाले थे। बताया जाता है कि आरोपी जवान दो–तीन दिनों से तनाव में चल रहा था।

**********************

रामगढ़ जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद से नियमित टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली। वहीं डब्लूएचओ के डॉ अमरेंद्र कुमार एवं डॉ सलीन ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों के बारे में बताया।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत पाटा गांव के ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान पहाड़ों को तोड़ने के लिए ब्लास्टिंग करने का विरोध किया है। नाराज ग्रामीणों ने ब्लास्टिंग मशीन को ज़ब्त कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लास्टिंग से उनके घरों में दरारें पड़ जा रही हैं। इससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने पूरे मामले को लेकर चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

**********************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर पेट्रोल पंप के पास कल देर शाम एक चारपहिया वाहन की ट्रक से सीधी टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया है। घटना में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए हैं। घायल सभी लोग जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के डोकाडीह गांव के रहने वाले हैं।

**********************

जमशेदपुर के टाटा जैविक उद्यान में कल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक रवि रंजन एवं टाटा स्टील के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने किया। इस अवसर पर टाटा जैविक उद्यान में दो नए जानवर लाए गए। इनमें एक लकड़बग्घा और एक तेंदुआ शामिल है। मौके पर उपस्थित लोगों ने पौधरोपण भी किया।

***************************

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड– सीबीआईसी ने व्यापार को सुविधाजनक बनाने के प्रयास में कल से सीधे निर्यातकों के बैंक खातों में शुल्क वापसी राशि का वितरण शुरू कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि निर्यातकों के खातों में शुल्क वापसी राशि का भुगतान सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली– पीएफएमएस के माध्यम से स्वचालित रूप से किया जाएगा। इस नई कार्यक्षमता से कम समय में राशि का भुगतान होने और इसमें पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है।

***************************

झारखंड में अगले एक सप्ताह तक लोगों को गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। मौसम विभाग ने कल से तीन दिनों तक राजधानी और आसपास के जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों का तापमान बयालिस डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रह सकता है। अभी राज्य के अधिकतर जिलों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। सबसे अधिक गर्मी पलामू और गढ़वा जिले में पड़ रही है।

***************************

अमेरिका में चल रहे टी–20 विश्वकप में भारत ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की है। भारत की ओर से रोहित शर्मा ने सैंतीस गेंदों पर सर्वाधिक बावन रन बनाए। वहीं हार्दिक पांड्या ने तीन और अर्शदीप सिंह तथा जसप्रीत बुमराह ने दो–दो विकेट लिए। आयरलैंड ने पहले खेलते हुए सोलह ओवर में सभी विकेट खोकर छियानबे रन बनाए थे। भारत को अब नौ जून को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मैच खेलना है।

***************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने चुनाव परिणाम आने के बाद नई दिल्ली में हुई एनडीए और इंडी गठबंधन की बैठक को प्रमुखता से जगह दी है।

**प्रभात खबर** लिखता है–एनडीए ने की बैठक, नरेंद्र मोदी को चुना नेता, कल पेश कर सकते हैं सरकार बनाने का दावा।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– अबकी बार डील से चलेगा एनडीए परिवार।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है–नरेंद्र मोदी बने राजग के नेता।

**दैनिक हिन्दुस्तान** लिखता है–समर्थन : मोदी ही एनडीए के नेता।

**रांची एक्सप्रेस** की सुर्खी है–चुनाव नतीजों के बाद पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा।

**राष्ट्रीय नवीन** ने लिखा है–एनडीए की बैठक में नेता चुने गए मोदी, आठ जून को लेंगे शपथ।

अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

*********समाप्त*********